
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

27.11.2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जब तक आप हिम्मत नहीं हारते

आपको कोई भी हरा नहीं सकता है।

ब्रूस ली

( मार्शल आर्ट कलाकार )

जन्म : 27 नवंबर 1940 मृत्यु : 20 जुलाई 1973



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

27 नवंबर

## मधु प्रिया

## हरिवंशराय बच्चन का जन्म 27 नवम्बर



हरिवंशराय बच्चन का जन्म 27 नवम्बर 1907 ई० में प्रयाग (इलाहाबाद) के एक सम्मानित कायस्थ परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम प्रताप नारायण श्रीवास्तव था और माता का नाम सरस्वती देवी था। माता – पिता की धार्मिक रुचियों व संस्कारों का इन पर गहरा प्रभाव पड़ा | इन्होने काशी और प्रयाग में शिक्षा प्राप्त की | कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से इन्होंने पी-एच० डी० की उपाधि ग्रहण की | हरिवंशराय बच्चन जी अनेक वर्षो तक प्रयाग विश्वविद्यालय में अंग्रेज़ी के प्राध्यापक रहे | बच्चन जी कुछ समय तक आकाशवाणी के साहित्यिक कार्यक्रमों से भी जुड़े रहे | सन् 1944 ई० में विदेश मंत्रालय में हिंदी – विशेषज्ञ होकर दिल्ली चले गए | सन् 1966 ई० में इन्हें राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया गया | आर्थिक दशा ठीक न होने के कारण इनकी पत्नी असाध्य रोग से पीड़ित होकर चल बसी। आरम्भ में इन पर उमर – खैयाम के जीवन – दर्शन का अत्यधिक प्रभाव पड़ा | पहली पत्नी के वियोग ने इन्हें निराशा व दुःख से भर दिया किन्तु कवि ने कुछ समय के बाद ही नए सुख और सम्पन्नता के युग में प्रवेश किया |मधुशाला, मधुबाला और मधुकलश – यह तीनो संग्रह एक के बाद एक धीघ्र प्रकाश में आए | हिन्दी में इन्हें हालावाद की रचनाएँ कहा गया | बच्चन जी की इन कविताओं में प्यार और कसक है | ये कविताएँ दुःख को भुलाने में सहायता करती है, दुःख से घबराकर आत्मदाह के लिए प्रेरित नहीं करती | 18 जनवरी 2003 में सांस की बीमारी के वजह से मुंबई में हरिवंश राय बच्चन जी की मृत्यु हो गयी।

/teachersofbihar

# जयंती विशेष 27 नवंबर




**हरिवंश राय बच्चन** (27 नवम्बर 1907 – 18 जनवरी 2003) हिंदी भाषा के एक कवि और लेखक थे। वे हिन्दी कविता के उत्तर छायावाद काल के प्रमुख कवियों में से एक थे । उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति मधुशाला है। भारतीय फिल्म उद्योग के अभिनेता अमिताभ बच्चन उनके सुपुत्र हैं। उनका निधन 18 जनवरी 2003 के दिन, साँस की बीमारी के कारण, मुम्बई में हुआ था।

# MATH TLM

99 Class-6to8

## धनाभ ( Cuboid )

- धनाभ का आयतन = ल• × चौ•× ऊं •
- धनाभ की ल• = आयतन / चौ•×ऊं
- धनाभ की चौ• = आयतन / ल•×ऊं•
- धनाभ की ऊं• = आयतन / ल•×चौ•
- धनाभ में फलक = 6
- धनाभ में किनारा = 12
- धनाभ में शीर्ष = 8



Anu Priya, Science Teacher




# भारत की टेस्ट में रनों से सबसे बड़ी हार

| रन | खिलाफ | ग्राउंड | साल |
|---|---|---|---|
| 408 | साउथ अफ्रीका | गुवाहाटी | 2025 |
| 342 | ऑस्ट्रेलिया | नागपुर | 2004 |
| 341 | पाकिस्तान | कराची | 2006 |
| 337 | ऑस्ट्रेलिया | मेलबर्न | 2007 |
| 333 | ऑस्ट्रेलिया | पुणे | 2017 |

## अक्टूबर 2024 से घर में सबसे ज्यादा टेस्ट हारने वाली टॉप-5 टीमें

| टीम | घर में टेस्ट | जीत | हार | ड्रॉ |
|---|---|---|---|---|
| जिम्बाब्वे | 8 | 1 | 6 | 1 |
| भारत | 7 | 2 | 5 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 5 | 1 | 4 | 0 |
| बांग्लादेश | 6 | 3 | 3 | 0 |
| इंग्लैंड | 6 | 3 | 2 | 1 |



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **27.11.2025**

## मिश्रित शिक्षण विधि

मिश्रित शिक्षण विधि **(Blended Learning)** एक ऐसी शैक्षिक पद्धति है जो पारंपरिक कक्षा शिक्षण और ऑनलाइन शिक्षा को एकीकृत करती है। इसमें छात्रों को कक्षा में आमने-सामने की पढ़ाई के साथ-साथ डिजिटल संसाधनों जैसे ई-लर्निंग मॉड्यूल और वर्चुअल क्लासरूम का उपयोग करके सीखने के अवसर मिलते हैं। इस विधि से व्यक्तिगत और लचीले शिक्षण के विकल्प मिलते हैं।

 राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**नॉर्वे के 'स्वालबार्ड' में मई से जुलाई तक सूरज कभी डूबता ही नहीं है। यहाँ रात के 12 बजे भी दिन जैसा उजाला रहता है। इसे 'मिडनाइट सन' कहते हैं। यह अलास्का की लंबी रात का बिल्कुल उल्टा नज़ारा है।**

# पद्य पंकज


"

काश......
नासमझी में ही बीत जाए..!!
ये जिंदगी.....
समझदारी ने तो
बहुत कुछ छीन लिया

**गुलजार साहब**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
साहित्यकार
हरिवंशराय बच्चन
की जयंती पर नमन।
पद्म
भूषण
Madhu priya
www.teachersofbihar.org